Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** भारतीय राष्ट्रवाद पर अंग्रेजी शिक्षा और पश्चिमी विचारधारा का क्या प्रभाव पड़ा?

**Ans**
✔ 1. राष्ट्रीय जागृति प्रज्वलित हुई
✘ 2. जातिवाद का समर्थन हुआ
✘ 3. राष्ट्रवाद का दमन हुआ
✘ 4. विभाजन को प्रोत्साहन मिला

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा गिरीश कर्नाड के साहित्यिक योगदान से सबसे अधिक जुड़ी हुई है, जिसका उदाहरण उनका प्रशंसित नाटक 'तुग़लक़' है?

**Ans**
✘ 1. मराठी
✔ 2. कन्नड़
✘ 3. तेलुगु
✘ 4. तमिल

**Q.3** SI मात्रकों में व्यक्त करने पर एक कैरेट का मान कितना है?

**Ans**
✔ 1. 200 मिलीग्राम
✘ 2. 1 ग्राम
✘ 3. 500 मिलीग्राम
✘ 4. 100 मिलीग्राम

**Q.4** ब्लांक पर्वतमाला (Mont Blanc) किस पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी है?

**Ans**
✘ 1. एंडीज
✘ 2. हिमालय
✔ 3. आल्प्स
✘ 4. पश्चिमी घाट

**Q.5** वित्तीय समायोजन ग्रामीण क्षेत्रों में आय असमानता को कम करने में सहायता करता है। कौन-सा प्लेटफ़ॉर्म असंगठित श्रमिकों के लिए एकीकृत डिजिटल डेटाबेस (unified digital database) प्रदान करता है?

**Ans**
✘ 1. यू.पी.आई. डैशबोर्ड (UPI dashboard)
✘ 2. जन धन योजना (Jan Dhan Yojana)
✘ 3. भीम ऐप (BHIM app)
✔ 4. ई-श्रम पोर्टल (E-Shram portal)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.6 मई 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार किसने संभाला?

Ans
1. अजित रत्नाकर जोशी
2. स्वामीनाथन जे
3. इंद्रनील भट्टाचार्य
4. डॉ.पूनम गुप्ता

Q.7 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया से संबंधित है?

Ans
1. अनुच्छेद 61
2. अनुच्छेद 54
3. अनुच्छेद 52
4. अनुच्छेद 66

Q.8 वर्ष 2025 में, केंद्र सरकार ने डॉ. समीर वी. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया, जिससे उनका कार्यकाल मई 2026 तक किस संगठन के प्रमुख के रूप में बढ़ गया है?

Ans
1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
2. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)
3. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS)
4. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

Q.9 2025 में भारत का पहला AI-केंद्रित विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) किस शहर में स्थापित किया जा रहा है?

Ans
1. बेंगलुरु
2. पुणे
3. नवा रायपुर
4. हैदराबाद

Q.10 __________ राज्य में स्थित पाइकारा (Pykara) को भारत पहले जल विद्युत केंद्रों में से एक माना जाता है।

Ans
1. ओडिशा
2. तमिलनाडु
3. मध्य प्रदेश
4. केरल

Q.11 मुक्त पर्शुका (floating ribs) के ऊपर कूट पर्शुका (false ribs) के कितने युग्म स्थित होते हैं, जो पर्शुक उपास्थि द्वारा एक दूसरे से जुड़े होते हैं?

Ans
1. 3
2. 6
3. 5
4. 2

Q.12 भविष्य की सरकारों को आकार देने पर केंद्रित विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2025 किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
1. दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
2. दोहा, कतर
3. सिंगापुर
4. जिनेवा, स्विट्जरलैंड

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.13 मुंबई, भारत में 1887 में बनकर तैयार हुई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) इमारत किस वास्तुकला शैली की विशेषता है?

Ans
1. इंडो-सरसेनिक
2. विक्टोरियन गोथिक
3. राजपूत
4. मुगल

Q.14 किसी राज्य में विधानसभा के सत्रों की अध्यक्षता कौन करता है?

Ans
1. क्रमावर्तन द्वारा उपाध्यक्ष (Deputy Speaker)
2. राज्य का मुख्यमंत्री
3. राज्य का राज्यपाल
4. सदस्यों द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष (Speaker)

Q.15 सामान्यत: _______ में खनन और भू-अवतलन के कारण भूस्खलन देखा जाता है।

Ans
1. असम और पश्चिम बंगाल
2. राजस्थान और हरियाणा
3. झारखंड और छत्तीसगढ़
4. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड

Q.16 पश्चिमी तटीय मैदान की तुलना में, पूर्वी तटीय मैदान में पत्तन (port) और पोताश्रय (harbour) कम क्यों हैं?

Ans
1. क्योंकि यहाँ अधिक पर्यटक समुद्र तट हैं
2. क्योंकि यहाँ एक उन्मज्जी तटरेखा है
3. क्योंकि यहाँ अधिक वर्षा होती है
4. क्योंकि यह भूमध्यरेखा के अधिक निकट है

Q.17 वरइंडिया (VarIndia), अप्रैल 2025 के अनुसार, भारत का ड्राफ्ट '6G THz टेस्टबेड' विशेष रूप से ______ से अधिक आवृत्तियों में कार्यरत घटकों को लक्षित करता है।

Ans
1. 6 GHz
2. 100 GHz
3. 300 GHz
4. 60 GHz

Q.18 तांबे के जल्दी गर्म होने के कारण इसका प्रयोग बर्तनों के लिए किया जाता है। तांबे की विशिष्ट ऊष्मा कितनी होती है?

Ans
1. 604.2 J $kg^{-1}$ $K^{-1}$
2. 386.4 J $kg^{-1}$ $K^{-1}$
3. 239.3 J $kg^{-1}$ $K^{-1}$
4. 712.1 J $kg^{-1}$ $K^{-1}$

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा, सामाजिक-आर्थिक निर्देशक सिद्धांत है?

Ans
1. समान काम के लिए समान वेतन
2. न्यायपालिका की स्वतंत्रता
3. शक्तियों का पृथक्करण
4. अंतर्राष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 मई 2025 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई ई-ज़ीरो एफआईआर (e-Zero FIR) पहल का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
1. एक ऑनलाइन साइबर सुरक्षा पोर्टल शुरू करना
2. साइबर धोखाधड़ी की FIR में तेज़ी लाना ✔
3. साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को प्रतिपूर्ति देना
4. एक राष्ट्रीय अपराध डेटाबेस बनाना

Q.21 मुंबई में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता, सबसे पहले किसने की थी?

Ans
1. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
2. डब्ल्यू सी बनर्जी ✔
3. आनंद मोहन बोस
4. दादाभाई नौरोजी

Q.22 त्रिपक्षीय संघर्ष, गुर्जर-प्रतिहार, पाल और किस दक्षिण भारतीय राजवंश के मध्य एक दीर्घकालिक संघर्ष था?

Ans
1. राष्ट्रकूट ✔
2. पल्लव
3. सातवाहन
4. चोल

Q.23 पहली राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?

Ans
1. 2003
2. 2010
3. 2000 ✔
4. 2005

Q.24 निम्नलिखित में से किस संगठन ने, जनवरी 2025 में इंटरपोल (Interpol) के साथ समन्वय को बढ़ाने के लिए भारतपोल (Bharatpol) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया?

Ans
1. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ✔
2. गृह मंत्रालय (MHA)
3. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)
4. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA)

Q.25 1991 के सुधारों के बाद से भारत की प्रति व्यक्ति आय में क्या प्रवृत्ति रही है?

Ans
1. क्रमिक वृद्धि ✔
2. कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं
3. सतत गिरावट
4. बिना किसी पैटर्न के उतार-चढ़ाव

Q.26 मार्च 2025 में, गुजरात सरकार ने आर्थिक विकास और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से 50,000 अंत्योदय परिवारों के उत्थान के लिए कौन-सी योजना शुरू की?

Ans
1. G-शक्ति (G-SHAKTI)
2. G-सफल (G-SAFAL) ✔
3. G-स्वरूपा (G-SWARUPA)
4. G-समृद्धि (G-SAMRIDHI)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.27 ______________1498 में भारत पहुंचने वाले पहले पुर्तगाली खोजकर्ता थे, जो मालाबार तट पर कालीकट पहुंचे थे।

Ans
1. नीनो दा कुन्हा (Nino-da-Cunha)
2. अल्बुकर्क (Albuquerque)
3. कोलंबस (Columbus)
4. वास्कोडिगामा (Vasco da Gama) ✔

Q.28 कौन-सा राज्य मई 2025 तक पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त करने के लिए चर्चा में है?

Ans
1. मिजोरम ✔
2. नगालैंड
3. मेघालय
4. त्रिपुरा

Q.29 गुप्त काल के दौरान, गुप्त सेना के सेनापति को क्या कहा जाता था?

Ans
1. महासेनापति ✔
2. अमात्य
3. महामात्य
4. संधिविग्रहिक

Q.30 भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधिकरणों की स्वतंत्रता के संबंध में क्या निर्णय दिया है?

Ans
1. विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए न्यायाधिकरणों का नेतृत्व उच्च न्यायालय के कार्यरत न्यायाधीशों द्वारा किया जाना चाहिए।
2. अर्ध-न्यायिक निकाय होने के नाते, न्यायाधिकरणों को रेगुलर कोर्ट की तरह ही कार्यपालिका से स्वतंत्र होना चाहिए। ✔
3. न्यायाधिकरण कार्यपालक निकाय हैं और उन्हें कार्यपालिका से स्वतंत्र होने की आवश्यकता नहीं है।
4. कार्यकुशलता में सुधार के लिए न्यायाधिकरणों का प्रबंधन संबंधित मंत्रालय द्वारा किया जा सकता है।

Q.31 विंडोज 11 में, फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) या वेब ब्राउज़र (web browser) में Alt + D कीबोर्ड शॉर्टकट क्या करता है?

Ans
1. वर्तमान टैब की प्रतिलिपि बनाता है
2. चयनित फ़ाइल या फ़ोल्डर को डिलीट करता है
3. डेस्कटॉप डिस्प्ले करता है
4. एड्रेस बार पर फोकस करता है ✔

Q.32 एमएस विंडोज (MS Windows) का कौन-सा फीचर, उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप बैकग्राउंड, थीम और स्क्रीनसेवर सेटिंग्स को पर्सनलाइज करने की सुविधा देता है?

Ans
1. टास्क शेड्यूलर (Task Scheduler)
2. डिवाइस मैनेजर (Device Manager)
3. डिस्क मैनेजमेंट (Disk Management)
4. पर्सनलाइजेशन सेटिंग्स (Personalization Settings) ✔

Q.33 कौन-सी पहल, घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संस्थापन को बढ़ावा देती है?

Ans
1. PM-KUSUM
2. URJA मिशन
3. सौर भारत
4. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ✔

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.34 भारत की प्रमुख प्राकृतिक झीलों में से एक, राजस्थान की सांभर झील, राज्य के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

Ans
1. बाड़मेर
2. जयपुर ✔
3. जैसलमेर
4. झुंझुनू

Q.35 'दियासलाई' भारत के किस सामाजिक कार्यकर्ता की आत्मकथा है, जिस पर संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) ने फरवरी 2025 में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की मुख्य अतिथि के रूप में एक कार्यक्रम में एक समर्पित (graced) चर्चा आयोजित की थी?

Ans
1. किरण बेदी
2. कैलाश सत्यार्थी ✔
3. कमला भसीन
4. लक्ष्मी अग्रवाल

Q.36 बांग्लादेश, भारत की किस दिशा में स्थित है?

Ans
1. पश्चिम
2. पूर्व ✔
3. उत्तर
4. उत्तर-पश्चिम

Q.37 1990 के दशक के बाद वैश्वीकरण और आउटसोर्सिंग के कारण भारत में किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई थी?

Ans
1. आई.टी और सेवाएँ ✔
2. रियल एस्टेट
3. खनन
4. कृषि

Q.38 मार्च 2025 में सेमीक्रायोजेनिक इंजन (semicryogenic engine) के विकास में इसरो द्वारा कौन-सा टेस्ट सफलतापूर्वक किया गया?

Ans
1. रॉकेट बूस्टर का स्टैटिक फायर टेस्ट (Static fire test of the rocket booster)
2. इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल का हॉट टेस्ट (Hot test of the engine power head test article) ✔
3. संपूर्ण प्रक्षेपण यान का फ्लाइट टेस्ट (Flight test of the complete launch vehicle)
4. ईंधन प्रणाली का कोल्ड टेस्ट (Cold test of the fuel system)

Q.39 निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन द्वारा भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) लागू किया गया?

Ans
1. 108वें संशोधन
2. 101वें संशोधन ✔
3. 97वें संशोधन
4. 103वें संशोधन

Q.40 वर्ष 2025 में, अमेज़न (Amazon) के संस्थापक जेफ़ बेज़ोस के ब्लू ओरिजिन के NS-25 मिशन के दल में शामिल होने वाला पहला भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक कौन बना?

Ans
1. ज़ोया अग्रवाल
2. गोपी थोटाकुरा ✔
3. शुभम बनर्जी
4. मोहद्दसा जाफ़री

Section : **Mathematics**

Q.1 65 का 65%, 35 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 35.25 ✔
2. 32.25 ✘
3. 29.25 ✘
4. 33.25 ✘

Q.2 A, दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 18 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से उन्होंने यह कार्य केवल 4 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
1. $11\frac{10}{17}$ दिन ✘
2. $14\frac{10}{17}$ दिन ✘
3. $19\frac{10}{17}$ दिन ✘
4. $10\frac{10}{17}$ दिन ✔

Q.3 अब्दुल और मोहसिन ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹76,800 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹19,000 के कुल लाभ में से, मोहसिन का हिस्सा ₹3,800 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
1. ₹46,300 ✘
2. ₹46,080 ✔
3. ₹45,780 ✘
4. ₹44,260 ✘

Q.4 P की वर्तमान आयु का छह गुना, Q की वर्तमान आयु से 11 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद, Q की आयु का तीन गुना, उस समय P की आयु के छह गुना से 27 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7 ✔
2. 16 ✘
3. 12 ✘
4. 6 ✘

Q.5 दिया गया है कि $50^{0.92} = x$, $50^{0.26} = y$ और $x^z = y^3$ है, तो z का मान __________ के सन्निकट है।

Ans
1. 3.85 ✘
2. 0.85 ✔
3. 0.39 ✘
4. 0.83 ✘

Q.6 यदि 6 अंकों की संख्या N23M40, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध प्रदान कर सकता है?

Ans
1. M + N = -5 ✘
2. M - N = 5 ✔
3. M = N ✘
4. M - N = 1 ✘

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
1. 28 : 74 ✘
2. 33 : 72 ✘
3. 45 : 85 ✘
4. 40 : 53 ✔

Adda247

Q.8 6 पुरुष किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 महिलाएँ इसे 18 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 9 महिलाएँ और 8 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. 1 दिन
- ✓ 2. 3 दिन
- ✗ 3. 6 दिन
- ✗ 4. 8 दिन

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 5 से विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 6175753
- ✓ 2. 7048030
- ✗ 3. 6567359
- ✗ 4. 7132956

Q.10 यदि 6 अंकों की संख्या N46M37, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध व्यक्त कर सकता है?

Ans
- ✗ 1. M = N
- ✗ 2. M + N = 2
- ✓ 3. M - N = -2
- ✗ 4. M - N = 1

Q.11 संख्या 630605 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 3
- ✓ 2. 5
- ✗ 3. 14
- ✗ 4. 7

Q.12 निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
87, 65, 70, 81, 68, 62, 82, 78, 81, 82, 74, 75, 90, 67, 86, 86, 81, 90, 69, 78, 65, 78, 76, 63, 70, 81

Ans
- ✗ 1. 65
- ✓ 2. 81
- ✗ 3. 87
- ✗ 4. 70

Q.13 490 m लंबी एक ट्रेन 9 km/hr की चाल से चल रहे एक व्यक्ति (समान दिशा में) को 12 सेकंड में पार कर लेती है। इस ट्रेन को विपरीत दिशा में 42 km/hr की चाल से चल रही 500 m लंबी एक अन्य ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 25
- ✗ 2. 32
- ✗ 3. 36
- ✓ 4. 18

Q.14 मैने ₹1,200 में दो साइकिलें खरीदीं। मैने पहली साइकिल को 10% की हानि पर और दूसरी को 20% के लाभ पर बेचा। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली साइकिल का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 824
- ✗ 2. 820
- ✓ 3. 800
- ✗ 4. 784

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 यदि $\frac{\sin A + \cos A}{\cos A} = \frac{17}{12}$ है, तो क्रमशः $\sin A$ और $\cos A$ का मान ज्ञात करें।

Ans
✔ 1. $\frac{5}{13}, \frac{12}{13}$
✘ 2. $\frac{17}{5}, \frac{16}{5}$
✘ 3. $\frac{13}{5}, \frac{13}{12}$
✘ 4. $\frac{5}{17}, \frac{5}{16}$

Q.16 एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 8 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 9 गुना हो जाएगी?

Ans
✘ 1. 9 वर्ष
✔ 2. 16 वर्ष
✘ 3. 10 वर्ष
✘ 4. 17 वर्ष

Q.17 △ABC में, D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 54° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 72° है। ∠AEB की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 95°
✘ 2. 100°
✔ 3. 108°
✘ 4. 98°

Q.18 दिए गए व्यंजक को सरलीकृत कीजिए।

$x(7x - 5) + 7(x^2 - 2) + 18$

Ans
✘ 1. $14x^2 - 5x - 4$
✘ 2. $-14x^2 - 5x + 4$
✔ 3. $14x^2 - 5x + 4$
✘ 4. $-14x^2 - 5x - 4$

Q.19 दो क्रमागत धनात्मक प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 182 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 26
✔ 2. 14
✘ 3. 7
✘ 4. 27

Q.20 एक विक्रेता 65% की हानि पर गेहूँ बेचने का दावा करता है लेकिन वह बताए गए वज़न से 70% कम वज़न का उपयोग करके बेईमानी करता है। उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितना है?

Ans
✘ 1. 15.18%
✔ 2. 16.67%
✘ 3. 7.43%
✘ 4. 11.62%

Q.21 ₹402 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 13 : 8 : 9 के अनुपात में बांटा जाता है। बंटन में सबसे बड़े हिस्से और सबसे छोटे हिस्से के बीच अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 67
✘ 2. 136
✘ 3. 56
✘ 4. 100

Q.22 एक गोलाकार गुब्बारे की त्रिज्या 5 cm से बढ़कर 10 cm हो जाती है जब इसमें और हवा डाली जाती है। मूल गुब्बारे के आयतन और फुलाए गए गुब्बारे के आयतन का अनुपात कितना है?

Ans
✘ 1. 1 : 2
✘ 2. 1 : 4
✘ 3. 1 : 6
✔ 4. 1 : 8

Q.23 रितेश और गौरी को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। रितेश 66 km/hr की चाल से ड्राइव करता है, जबकि गौरी 99 km/hr की चाल से ड्राइव करती है। यदि रितेश को कानपुर पहुँचने में 9 घंटे लगते हैं, तो गौरी को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✘ 1. 13 घंटे
✔ 2. 6 घंटे
✘ 3. 2 घंटे
✘ 4. 12 घंटे

Q.24 एक कंप्यूटर का अंकित मूल्य ₹70,000 है और इस पर 16% की छूट दी जाती है। छात्रों को एक अतिरिक्त छूट दी जाती है। यदि एक छात्र कंप्यूटर के लिए ₹57,036 का भुगतान करता है, तो छात्र को कितने प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिली?

Ans
✘ 1. 5%
✘ 2. 2%
✔ 3. 3%
✘ 4. 7%

Q.25 सपना ने ₹21,200 की धनराशि में से आंशिक धनराशि 13% वार्षिक साधारण ब्याज दर और आंशिक धनराशि 3% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर निवेश की। यदि वह 8 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज अर्जित करती है, तो 13% वार्षिक साधारण ब्याज दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 3,976
✘ 2. 3,972
✘ 3. 3,973
✔ 4. 3,975

Q.26 किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 10,630 है। इसमें दो क्रमिक वर्षों में 25% और 50% की वृद्धि होती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 68% की कमी हो जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है?

Ans
✘ 1. 6374
✘ 2. 6380
✘ 3. 6376
✔ 4. 6378

Q.27 एक घड़ी का अंकित मूल्य ₹3,480 है। इसे ₹2,958 में बेचा जाता है। छूट की दर _____ है।

Ans
✘ 1. 17%
✘ 2. 10%
✘ 3. 13%
✔ 4. 15%

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.28** प्रथम 153 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 154 ✔
2. 155 ✘
3. 153.5 ✘
4. 154.5 ✘

**Q.29** उस गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका व्यास 22 cm है।

**Ans**
1. $484\pi\ cm^2$ ✔
2. $502\pi\ cm^2$ ✘
3. $1019\pi\ cm^2$ ✘
4. $153\pi\ cm^2$ ✘

**Q.30** (−9) − (−60) ÷ (−6) + (−4) × 9 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. −54 ✘
2. −58 ✘
3. −57 ✘
4. −55 ✔

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.1** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1 2 4 7 28 33 ?

**Ans**
1. 198 ✔
2. 199 ✘
3. 197 ✘
4. 196 ✘

**Q.2** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'INKS' को '4628' और 'NEAR' को '1385' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
1. 5 ✘
2. 8 ✔
3. 1 ✘
4. 6 ✘

**Q.3** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
26, 21, 11, −4, −24, ?

**Ans**
1. −54 ✘
2. 57 ✘
3. 49 ✘
4. −49 ✔

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. EH – XZ ✔
2. LN – EG ✘
3. YA – RT ✘
4. IK – BD ✘

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.5** यदि संख्या 36719542 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
1. दो
2. एक भी नहीं
3. तीन ✔
4. एक

**Q.6** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 Ω % 1 4 9 & 5 7 * 6 @ ? 3 # 8 £ $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक अन्य संख्या है?

**Ans**
1. एक
2. दो
3. तीन ✔
4. चार

**Q.7** सात व्यक्ति I, J, K, L, U, V और W उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। V और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। U, J के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। I के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। I और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। W, L के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। K और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
1. चार
2. एक
3. दो ✔
4. तीन

**Q.8** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. CFJ
2. TWA
3. HLO ✔
4. JMQ

**Q.9** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख व्यक्तियों की एक पंक्ति में, पूजा बाएं छोर से 13वें स्थान पर है। बरुण बाएं छोर से 15वें स्थान पर है। बरुण पूजा और ऋषभ के ठीक बीच में है। यदि ऋषभ पंक्ति के दाएं छोर से 12वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?

**Ans**
1. 28 ✔
2. 27
3. 25
4. 30

**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UXX VSU WNR ? YDL

**Ans**
1. XIO ✔
2. PSL
3. XLV
4. WLZ

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.11 मि. टफ, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 7 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 2. 6 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 3. 8 km, पश्चिम की ओर
- ✓ 4. 7 km, उत्तर की ओर

Q.12 अजय बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और उत्तर की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। वह अंतत: दाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 4 km, पश्चिम की ओर
- ✓ 2. 3 km, पूर्व की ओर
- ✗ 3. 4 km, पूर्व की ओर
- ✗ 4. 3 km, पश्चिम की ओर

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LUMA' को '5796' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'MALI' को '8569' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ 1. 9
- ✓ 2. 8
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 6

Q.14 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी संतरे, खरबूजे हैं।
सभी खरबूजे, अंगूर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ खरबूजे, संतरे हैं।
(II) सभी अंगूर, संतरे हैं।

Ans
- ✓ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Adda247

Q.15 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

BIP 104, ELS 97, HOV 90, KRY 83, NUB 76, ?

Ans
- ✗ 1. MXE 69
- ✗ 2. QYE 69
- ✓ 3. QXE 69
- ✗ 4. QKE 69

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) + @ & ? % \ ? + < # 8 $ 1 % % 5 2 4 9 ^ 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ 1. एक
- ✗ 2. पाँच
- ✗ 3. तीन
- ✓ 4. दो

Q.17 मनोज अपनी कक्षा में शीर्ष से 26वें स्थान पर तथा नीचे से 55वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ 1. 81
- ✗ 2. 82
- ✓ 3. 80
- ✗ 4. 79

Q.18 यदि संख्या 7135682 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. एक भी नहीं
- ✓ 4. दो

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से XTXY का संबंध CYCD से है। उसी तरीके से, GCGH का संबंध LHLM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LHLM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ 1. QMPR
- ✗ 2. QNPX
- ✓ 3. QMQR
- ✗ 4. QLPR

Q.20 निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनें, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।
**GULF – FLGU – GLUF**
**ALTS – STAL – ATLS**

Ans
- ✗ 1. LIMB – IMLB – IMBL
- ✓ 2. SICK – KCSI – SCIK
- ✗ 3. CALF – FLCA – ALCF
- ✗ 4. FINE – FNIE – ENIF

Q.21 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना / में से घटाना / के साथ गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**8, 25**
**11, 34**

Ans
- ✓ 1. 15, 46
- ✗ 2. 9, 37
- ✗ 3. 6, 17
- ✗ 4. 13, 39

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 A, R का पिता है। R, C की माता है। C, D का पुत्र है। G, D का पिता है। A का G से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्र की पत्नी का भाई
2. पुत्र की पत्नी का पिता
3. पत्नी का भाई
4. पत्नी का पिता

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 16 25 41 ? 102

Ans
1. 50
2. 62
3. 66
4. 56

Q.24 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी आड़ू, अनानास हैं।
सभी अनानास, नींबू हैं।
निष्कर्ष:
I. कोई नींबू, आड़ू नहीं है।
II. कुछ नींबू, आड़ू हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GKH
2. NRP
3. PTR
4. WAY

Adda247

Q.26 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(228 Q 12) S 69 P 3 S (216 Q 18) R 10 S 30 P 4 = ?

Ans
1. 348
2. 428
3. 328
4. 268

Q.27 यदि संख्या 75364812 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंक का योग कितना होगा?

Ans
1. 12
2. 9
3. 10
4. 8

Q.28 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। A और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। B को D के ठीक ऊपर रखा गया है। C को F के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। A के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. 5
✘ 2. 2
✘ 3. 3
✘ 4. 4

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से UFNE का संबंध YCRB से है। उसी तरीके से, CZVY का संबंध GWZV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से KTDS का संबंध किससे है?

Ans
✘ 1. NRGQ
✘ 2. OPGR
✔ 3. OQHP
✘ 4. MPFO

Q.30 सात व्यक्ति A, B, C, D, P, Q और R उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. तीन
✔ 3. दो
✘ 4. चार